Banning of Unauthorised Persons in Regional Passport Office, Ahmedabad

638. SHRI RAOOF VALIULLAH: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have issued a memo to Regional Passport Officer, Ahmedabad calling for an explanation for entertaining unauthorised persons in Passport matters; if so, what are the details thereof;

(b) whether the R.P.O., Ahmedabad has declined to entertain MLAs and MPs as a result of the memo and whether the effected representatives are also considered unauthorised persons in recommending passport matters; and

(c) what are the reasons for issuing memos when there is no *prima facie* evidence against the officials of misusing the office?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (PROF. K. K. TEWARI) : (a) No, Sir. A complaint was received from an individual about the Regional Passport Office, Ahmedabad The R.P.O. was requested to furnish facts which he has done.

(b) Instructions already exist with the Passport Officers to extend due courtesy to all MPs and MLAs and other dignitaries. All Passport Offices including R.P.O., Ahmedabad have been fulfilling these instructions.

(c) Letter issued to Regional Passport Office, Ahmedabad called for factual information on a complaint, as is the normal practice. The Ministry called for comments to see if there was any basis for the complaint.

राजस्थान के शहरों के लिए वायुदत सेवाओं का आरम्भ किया जाना

639. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, सवाई माधोपुर और अजमेर को निकट भविष्य में वायुदूत सेवाओं से जोड़े जाने का कोई प्रस्ताव है ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या सरकार अजमेर, पुष्कर और सवाई माधोपुर में उनके धार्मिक तथा ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए तथा वहां स्थित टाइगर प्रोजेक्ट को दिए जा रहे महत्व को देखते हुए तथा वहां जाने वाले पर्यटकों द्वारा उनमें ली जा रही रूचि को ध्यान में रखते हुए हवाई अड्डों के निर्माण का विचार रखती है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिव राज पाटिल) : (क) बीकानेर और जैसलमेर के अतिरिक्त, जहां सेवाएं रक्षा मंत्रालय की अनुमति मिलने पर शुरू की जाएंगी, वायुदूत की अजमेर में हवाई अड्डे के विकसित होने के पश्चात् इसे हवाई सेवा से जोड़ने की योजना है । इस समय बाड़मेर और सवाई माधोपुर को वायुदूत से जोड़ने की कोई योजना नहीं है ।

(ख) और (ग) संसाधनों की कमी के कारण राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को अजमेर/पुष्कर में हवाई अड्डे के निर्माण अथवा राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सवाई माधोपुर स्थित हवाई पट्टी को विकसित करने की कोई योजना नहीं है । तथापि राजस्थान सरकार की अजमेर में एक हवाई अड्डे के निर्माण की योजना है जो पुष्कर को भी सेवाएं उपलब्ध करायेगा ।

राजस्थान में नागर विमानन का विकास

640. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना सहित विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के तहत नागर विमानन के विकास पर कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ख) कुल व्यय की गई धनराशि में से कितनी धनराशि राजस्थान के लिए खच की गई है, और यह राशि कितनी प्रतिशत है ;

(ग) क्या सरकार राजस्थान में उदयपुर, जयपुर, और जोधपुर स्थित तीनों हवाई अड्डों के विस्तार और विकास के लिए कोई योजना बनाए जाने पर विचार कर रही है ; और

(घ) क्या इन हवाई अड्डों में से किसी को भी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाये जाने के लिये कोई ताजा प्रस्ताव विचाराधीन है ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) और (ख) नागर विमानन के विकास पर राजस्थान सहित विभिन्न राज्यो में पंचवर्षीय योजनाओं के अधीन विभिन्न अभिकरणों द्वारा खर्च किया गया है । इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है जिसका विश्लेषण किया जाएगा और सभा पटल पर रखी जाएगी ।

(ग) जी, हां ।

(घ) जी, नहीं । जयपुर दिल्ली और बंबई से जुड़ा है जो अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं ।

गंगानगर एक्सप्रेस का सवाई माधोपुर तक बढ़ाया जाना

641. **डा. अबरार अहमद खान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसा प्रस्ताव है कि गंगानगर एक्सप्रेस को जयपुर से सवाई माधोपुर तक बढ़ा दिया जाए, यदि हां, तो इस प्रस्ताव को अभी तक क्रियान्वित न किये जाने के क्या कारण हैं तथा इसे कब तक क्रियान्वित कर दिये जाने की संभावना है; और

(ख) राजस्थान की राजधानी जयपुर को दिल्ली तथा बम्बई से जोड़ने के लिए सर्वोदय एक्सप्रेस, सुपरफास्ट जम्मूतवी और राजधानी एक्सप्रेस रेल गाड़ियों को सवाई माधोपुर रोके जाने के क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा उपरोक्त रेलगाड़ियों को सवाई माधोपुर रोके जाने की व्यवस्था कब तक कर देने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री श्री महाबीर प्रसाद) : (क) जी, नहीं । यातायात के औचित्य और परिचालनिक कठिनाइयों के कारण ।

(ख) जयपुर दिल्ली और अहमदाबाद से आश्रम एक्सप्रेस सहित जिसके फेरों में नवम्बर, 1988 से वृद्धि करके इसे दैनिक गाड़ी के रूप में बदल दिया गया है, कई सीधी गाड़ियों से जुड़ा हुआ है । राजधानी और बम्बई–जम्मू तवी एक्सप्रस अन्तर्नगरीय तीव्र गति की गाड़ी सेवाएं हैं और अन्य तीव्र गति की वैकल्पिक गाड़िया सवाई माधोपुर में रुक रहीं हैं ।

सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच बड़ी लाइन की व्यवस्था किया जाना

642. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच बड़ी लाइन के कब तक बिछा दिए जाने की सम्भावना है तथा इस संबंध में हुए विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली और बम्बई के बीच बड़ी लाइन पर चलने वाली सभी रेल गाड़ियों के साथ वातानुकूलित डिब्बे जोड़ जाते हैं, किन्तु जयपुर जाने वाले उन यात्रियों के लिये जो वातानुकूलित डिब्बों में यात्रा करना चाहते हैं, सवाई माधोपुर से जयपुर जाने वाली रेल गाड़ियों में किसी भी दर्जे में कोई वातानुकूलित डिब्बे नहीं जोड़े जाते, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच चलने वाली रेल गाड़ियों में निर्धारित संख्या में रेल के डिब्बे न जोड़े जाने के क्या कारण हैं, जिससे